मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-484
25/12/2019

मुख्यमंत्री ने श्री गुरु गोविन्द सिंह जी महाराज के 353वें प्रकाश गुरूपर्व एवं श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 550वें प्रकाश गुरूपर्व की तैयारियों का लिया जायजा, कंगन घाट टेंट सिटी का भी किया निरीक्षण

पटना, 25 दिसम्बर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज श्री गुरु गोविन्द सिंह जी महाराज के 353वें प्रकाश गुरूपर्व एवं श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 550वें प्रकाश गुरूपर्व की तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने इस क्रम में कंगन घाट टेंट सिटी का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिस, रिसेप्शन हॉल का भी मुआयना किया। टेंटों के पास बने शौचालय, टेंटों के अन्दर बेड की व्यवस्था के साथ लंगर में खान–पान के लिये की जा रही व्यवस्था के बारे में भी जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यहां आने वाल श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिये। उनकी हर जरूरतों का ख्याल रखा जाये।

कंगन घाट टेंट सिटी निरीक्षण के उपरांत मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री ने तख्त श्रीहरिमंदिर साहिब गुरुद्वारा में जाकर मत्था टेका। मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारा परिसर का भी निरीक्षण किया। परिसर में कार सेवा के निर्माण कार्य को भी देखा और उसमें तेजी लाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने तख्त श्रीहरिमंदिर साहिब प्रबंधक कमिटी एवं अधिकारियों के साथ तैयारियों के संबंध में बैठक की।

इसके उपरांत गुरूद्वारा बाललीला साहिब में भी जाकर मुख्यमंत्री ने मत्था टेका। इस मौके पर मुख्यमंत्री को अंग वस्त्र एवं कृपाण भेंटकर उनका स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने जत्थेदार कश्मीर सिंह भूरीवाले, बाबा सुखविन्दर सिंह, बाबा गुरविन्दर सिंह, गुरूद्वारा के मैनी संगत में पहुँचकर लंगर सेवा भी की।

इस अवसर पर पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, जल संसाधन मंत्री श्री संजय झा, पटना नगर निगम की मेयर श्रीमती सीता साहू, मुख्यमंत्री के परामर्शी श्री अंजनी कुमार सिंह, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, उपाध्यक्ष बिहार राज्य योजना पर्षद श्री जी0एस0 कंग, प्रधान सचिव पर्यटन श्री रवि मनुभाई परमार, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव श्री आनंद किशोर, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, जिलाधिकारी पटना श्री कुमार रवि, बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक श्री कंवल तनुज, जिलाधिकारी वैशाली श्रीमती उदिता सिंह, पटना नगर निगम के आयुक्त श्री अमित कुमार पाण्डेय, पटना की वरीय पुलिस अधीक्षक श्रीमती गरिमा मल्लिक, वैशाली के पुलिस अधीक्षक श्री जगुन्नाथ रेड्डी सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

******